हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 9 मई 2024

04 जंगल के बीचों-बीच संचालित हो रहे ईंट भट्टे...

07 उत्साह के आगे फीकी पड़ी सूर्य की तपिश ...




## खबर संक्षेप

### लोस निर्वाचन क्षेत्र देवास के लिए 1550 अधिकारी कर्मचारी तैनात

**सीहोर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चौथे चरण में लोकसभा निर्वाचन प्रक्रिया स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शिता के साथ संपन्न किया जा चुका है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया सम्पन्न कराने के लिए गत दिवस विभिन्न जिला अधिकारियों को दायित्व सौपे गये है इसी प्रक्रिया के तहत संसदीय क्षेत्र-21 देवास के अन्तर्गत विधानसभा क्षेत्र आष्टा में मतदाकर्मी 1474, सेक्टर अधिकारी एवं कार्यपालिका मजिस्ट्रेट 36, सेक्टर पुलिस अधिकारी 36, और एफएसटी 04 कर्मचारी तैनात किए जाएंगे।

### मतदान सामग्री वितरण के लिए व्यवस्था बनाई

**सीहोर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह द्वारा निर्वाचन कार्य व्यवस्था को सुगम और सुविधाजन को दृषित रखते हुये लोकसभा संसदीय क्षेत्र देवास के अन्तर्गत आष्टा विधानसभा क्षेत्र के लिए सहायक रिर्टनिंग ऑफिसर की देखरेख में शहीद भगत सिंह कॉलेज आष्टा से सामग्री वितरण कि जाना है।

### असामाजिक तत्व पर कड़ी निगरानी के निर्देश

**सीहोर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 की घोषणा के साथ ही निर्वाचन कार्यक्रम के दौरान बाहर से आने वाले व्यक्तियों एवं असामाजिक तत्व जिले में घुसपैठ कर सकते हैं, जिससे शांति व्यवस्था भंग हो सकती है। जिला दंडाधिकारी प्रवीण सिंह द्वारा गत दिवस आदेश जारी कर जिले में शांति व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से अधिनियम 1967 के अन्तर्गत सीहोर जिले के भीतर सभी सराय, धर्मशालाओं, होटल, लॉज के मालिकों/प्रबंधकों को आदेशित किया जाता है कि वे अपने होटल, लॉज, सराय, धर्मशाला में ठहरने वाले व्यक्तियों की दैनिक जानकारी संबंधित थाना प्रभारी को एवं संबंधित अनुविभागीय दंडाधिकारी, कार्यपालिक दंडाधिकारी को लिखित में प्रस्तुत करेंगे।

### चौथे चरण में संसदीय क्षेत्र देवास में मतदान की तैयारी पूरी

**सीहोर।** लोकसभा निर्वाचन-2024 के अंतर्गत चौथे चरण देवास लोकसभा संसदीय क्षेत्र में निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिले के सभी मतदान केन्द्रों पर शीतल पेयजल, जरूरी दवाइयाँ और टेन्ट की व्यवस्था की जा रही है। मतदाता सूचना पर्ची का वितरण कराया जा रहा है। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के भी प्रयास लगातार किये जा रहे हैं। चौथे चरण के मतदान प्रतिशत में भी वृद्धि होने की उम्मीद है।

## भीषण गर्मी के बीच मतदाताओं ने दिखाया उत्साह, प्रदेश में सबसे ज्यादा बुधनी में हुई वोटिंग

# बंपर मतदान से भाजपा में उत्साह, कांग्रेस ने लगाया फर्जी वोटिंग कराने का आरोप

विदिशा लोकसभा के बुदनी विधानसभा क्षेत्र में 81.44 प्रतिशत, इछावर विधानसभा में 80.22 प्रतिशत तथा भोपाल लोकसभा के सीहोर विधानसभा में 75.71 प्रतिशत मतदान हुआ। इस मतदान से भाजपा खेमे में हर्ष व्याप्त है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सीहोर जिले के अंतर्गत आने वाले बुधनी, इछावर और सीहोर विधानसभा में बंपर मतदान के बाद भाजपा में उत्साह है। इन तीनों विधानसभाओं में विदिशा एवं भोपाल संसदीय क्षेत्र के लिए मतदान हुआ। इस दौरान विदिशा लोकसभा के बुधनी विधानसभा क्षेत्र में 81.44 प्रतिशत, इछावर विधानसभा में 80.22 प्रतिशत तथा भोपाल लोकसभा के सीहोर विधानसभा में 75.71 प्रतिशत मतदान हुआ। इस मतदान से भाजपा खेमे में हर्ष व्याप्त है। पूर्व मुख्यमंत्री एवं विदिशा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि जनता ने लोकतंत्र के महापर्व में बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा। इधर बंपर मतदान को लेकर कांग्रेस ने फर्जी वोटिंग का आरोप लगाया है। बुधनी विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस नेता ने कहा है कि सीहोर जिले के बुधनी विधानसभा में जमकर फर्जी मतदान कराया गया है। यहां पर जिला प्रशासन पूरी तरह निरंकुश नजर आया। क्षेत्र में बाहर के विधायक दिनभर घूमते रहे और मतदान केंद्रों पर पहुंचे।

**ये राष्ट्र के निर्माण और भविष्य का चुनाव है :** पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने तीसरे चरण के मतदान को लेकर जनता-जनार्दन को धन्यवाद दिया। पूर्व सीएम ने कहा कि ये कोई साधारण चुनाव नहीं, बल्कि राष्ट्र के निर्माण और भविष्य का चुनाव है। मतदाताओं ने इस महापर्व में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और बड़ी संख्या में मतदान किया। मतदान, लोकतंत्र की आत्मा है और लोकतंत्र के प्रति निष्ठा का प्रतीक है। पूर्व मुख्यमंत्री ने विदिशा संसदीय क्षेत्र को लेकर कहा कि विदिशा, सांची, सिलवानी, भोजपुर, खातेगांव, इछावर, बुधनी और गंजबासौदा विधानसभा के मतदाताओं ने बड़ी संख्या में मतदान किया है। चाहे, बड़े-बुजुर्ग हो, बहनें हो, भैया हो, भांजे-भांजियां हो या नव-मतदाता हों, ने भीषण गर्मी के बाद भी अपना अमूल्य वोट दिया। मैं इस महापर्व में हिस्सा लेने वाले मतदाताओं को प्रणाम करता हूं।




चुनाव अद्भुत है, प्रचार के दौरान मैं जहां भी गया बहनों ने तिलक लगाकर मेरे हाथ में 10-10 रूपए चुनाव लड़ने के लिए रख दिए। ये रिश्तें पदों के नहीं बल्कि आत्मा के रिश्ते हैं। मैं नेता नहीं भैया और मामा हूं।

हम सब एक परिवार है। मैं अपनी अंतिम सांस तक जनता के कल्याण और विकास के लिए काम करता रहूंगा। पूर्व सीएम ने कहा कि, मोदी जी के नेतृत्व में एक गौरवशाली, वैभवशाली, शक्तिशाली, सम्पन्न और समृध्द भारत का निर्माण हो रहा है। मोदी जी ने अद्भुत काम किए हैं और इस चुनाव में कार्यकर्ता साथियों ने भी परिश्रम की पराकाष्ठा की है। कार्यकर्ताओं ने एक-एक बूथ पर मजबूती से काम किया है।



**ये सरासर लोकतंत्र की हत्या है, शिकायत दर्ज कराई :** कांग्रेस के युवा नेता एवं बुधनी विधानसभा में कांग्रेस के प्रत्याशी रहे विक्रम मस्ताल शर्मा 'हनुमानजी ने कहा है कि जिस तरह से भाजपा और प्रशासन ने मनमर्जी चलाई है उससे यह सरासर लोकतंत्र की हत्या है। बुधनी विधानसभा में मतदान के दौरान जमकर फर्जी मतदान कराया गया।

यहां पर खुलेआम आचार संहिता का उल्लघंन हुआ है। बाहर के विधायक दिनभर घूमत रहे और प्रशासन को यह नजर नहीं आया। प्रशासन ने पूरे चुनाव को मजाक बनाकर रख दिया। कई बूथों पर फर्जी मतदान हुए हैं। विक्रम मस्ताल शर्मा ने कहा है कि यह मामला बेहद गंभीर है और कांग्रेस पार्टी इस मामले को लेकर चुनाव आयोग तक जाएगी। हमने इसकी शिकायत भैरुंदा पुलिस थाने में दर्ज कराई है। उन्होंने कहा कि इस बार भाजपा को डर है कि कहीं उसकी पोल न खुल जाए, इसके लिए वे हर तरह के हथकंडे अपनाकर सिर्फ चुनाव जीतना चाहते हैं। वे हमारे कांग्रेस के नेताओं पर अनैतिक दबाव बनाकर उन्हें भाजपा में शामिल कर रहे हैं। देश और प्रदेश में पूरी तरह से लोकतंत्र की हत्या की जा रही है।

## किसानों की फिर बढ़ी समस्या:मूंग की फसलों पर लगा पीला मोजेक रोग



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जनपद पंचायत इछावर के ग्राम पंचायत खेरी में इस समय फसलों पर पीला मोजेक रोग लग गया है। किसानों का कहना है कि मूंग की फसल को पीला मोजेक रोग ने अपनी चपेट में ले लिया है। पहले से ही किसान प्राकृतिक आपदाओं की मार झेलते आ रहे हैं। अब किसानों को कर्ज चुकाने की चिंता सताने लगी है।

गांव खेरी के श्यामलाल वर्मा, कैलाश चंद, सुरेश, नंदकिशोर, आदि किसानों का कहना है कि पिछले कई दिनों से बारिश न होने के कारण और अब पीला मोजक वायरस के प्रकोप से मूंग की फसल सूख रही है। यह रोग फसलों के लिए काफी नुकसान दायक है। इसमें पौधे पहले लाल होते हैं, फिर इसके बाद फूल व फलियां सूखकर गिर जाती हैं। किसानों ने प्रशासन से फसलों का सर्वे कराकर राहत राशि दिलावाने की मांग की है।

### किसानों से ई-खसरा, खतोनी लेने की अपील

**सीहोर।** राष्ट्रीय भू-अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम के अन्तर्गत आयुक्त भू-अभिलेख एवं बन्दोबस्त ग्वालियर ने ई-खसरा परियोजना लागू की है। किसानों से अपील की गई है कि वे ई-खसरा खतोनी ही लें। परियोजना के अन्तर्गत अनुबंधित फर्म द्वारा सभी तहसीलों में आई.टी. सेन्टर स्थापित किये गये हैं, जिनसे कृषकों को उनकी मांग अनुरूप प्रमाणित खसरा बी-1, नक्शा की प्रतिलिपियाँ नियत शुल्क प्रति पृष्ठ 30 रुपये लेकर उपलब्ध कराई जा रही हैं।

## मतदान दलों के लौटने के पहले ही 4500 मतदान कर्मियों के खाते में पहुंचे गए 45 लाख रुपए

**मतदान समाप्ति के पहले मानदेय मिलने की अधिकारी कर्मचारियों ने की सराहना**

**सीहोर।** तीसरे चरण का लोकसभा चुनाव संपन्न करने के लिए जिले की तीन विधानसभाओं बुधनी, इछावर और सीहोर में 4500 हजार से अधिक अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी। इस चुनाव में सबसे खास बात यह रहीं कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह के निर्देश पर मतदान दलों के अधिकारी अधिकारी कर्मचारियों को मानदेय का भुगतान चुनाव संपन्न कराकर वापस आने से पहले ही मतदान कर्मियों के खाते में 45 लख रुपए की राशि स्थानांतरित कर दी गई। मतदान संपन्न कराकर मतदान दल वापस पॉलिटेक्निक कॉलेज सीहोर मतदान सामग्री जमा करने पहुंचने पर अनेक अधिकारी कर्मचारियों ने बताया कि उनके मोबाइल पर मानदेय की राशि पहुंचने के एसएमएस प्राप्त हो गए हैं। कर्मचारी प्रतिमा सिंह ठाकुर, राजेश कुमार, अशोक पवार, एमएल ऊईके सहित अनेक अधिकारी-कर्मचारियों ने बताया कि पहली बार इस तरह मतदान समाप्ति के पहले उनके मानदेय का भुगतान मिला है, यह सराहनी है। इसके लिए उन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर प्रवीण सिंह तथा जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया है।

## मतदान समाप्ति के बाद लौटे मतदान दल ने देर रात तक जमा की चुनाव सामग्री

**सीहोर।** लोकसभा निर्वाचन-2024 के तहत भोपाल एवं विदिशा संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाली बुधनी, इछावर तथा सीहोर विधानसभा में शांतिपूर्ण मतदान की प्रक्रिया सम्पन्न हुई। मतदान समाप्ति के पश्चात मतदान दलों का सतत आना जारी है। मतदान दलों से शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज सीहोर में मतदान सामग्री जमा कराई जा रही है। सभी मतदान दलों से मतदान केन्द्र वार लगाए गए टेबल पर ही मतदान सामग्री का चेकलिस्ट के अनुसार मिलान कर जमा कराई जा रही है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह ने स्वयं उपस्थित होकर मतदान सामग्री जमा कराने की कार्यवाही देखी और आवश्यक दिशा-निर्देश अधिकारियों को दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, एएसपी गीतेश गर्ग, संयुक्त कलेक्टर नितिन टाले तथा उप जिला निर्वाचन अधिकारी आनंद सिंह राजावत, एसडीएम तन्मय वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



## अज्ञात कारणों से लगी मकान में आग:लाखों का सामान और रखी फसल जलकर राख

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जिला मुख्यालय के दूरस्थ ग्राम गुर्जर छापरी कोलार रोड पर एक मकान में अज्ञात कारणों से रात लगभग 11 बजे आग लग गई। जिसके कारण घर का पूरा सामान और घर में रखी गेहूं, चने की फसल जलकर राख हो गई है। बताया गया है कि घर के लोग उस समय दूसरे कमरे में थे तब अन्य कमरे से आग की लपटे दिखाई दी। फायर ब्रिगेड अमले के अनुसार घर गृहस्थी का सारा सामान आग लगने से जल गया है। जानकारी के अनुसार सीहोर जिले की इछावर तहसील के बिलकिसगंज के नजदीक स्थित ग्राम गुर्जर छापरी कोलार रोड में रहने वाले लक्ष्मी नारायण, अर्जुन सिंह के मकान में मंगलवार देर रात अचानक आग लग गई। जिसके कारण घर का पूरा सामान जलकर राख हो गया है। बताया गया है कि आग लगने की सूचना सीहोर फायर ब्रिगेड को देर रात को मिली जिसके बाद घंटे की मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया अभी तक आग लगने के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। मौके पर पहुंचे फायर ब्रिगेड टीम के सदस्य आरिफ ने बताया कि आग लगने की सूचना के बाद तत्काल मौके पर पहुंच गए थे, जिसके बाद आग पर बमुश्किल काबू पाया जा सका।

### समग्र पोर्टल में आधार ई-केवाईसी अनिवार्य

**सीहोर।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं में समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी अनिवार्य कर दिया गया है। अब किसी भी हितग्राही को विभागीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए समग्र पोर्टल पर स्वयं का आधार ई-केवायसी करना होगा। समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी के बाद ही विभागीय पोर्टल पर आवेदन दर्ज हो सकेगा। जिन योजनाओं में ऑनलाइन प्रणाली नहीं है, उनमें आवेदन को स्वीकृत करने से पहले संबंधित स्वीकृतकर्ता अधिकारी द्वारा समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी की पुष्टि की जाएगी। पुष्टि के बाद ही नियमानुसार स्वीकृति प्रदान की जाएगी।

## दो साल से जली पड़ी केबल ग्रामीण ट्रांसफार्मर में तार डालकर ले रहे बिजली



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर जिले की ग्राम पंचायत अजमतनगर के ग्राम मंझेड़ा में बिजली विभाग की अनदेखी के चलते ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा रहा है। यहां बिजली की केबल जले दो साल हो गए हैं, लेकिन बिजली विभाग द्वारा अभी तक केबल नहीं बदली गई।

ग्रामीणों ने इसकी शिकायत कई बार बिजली विभाग के अधिकारियों से की है, लेकिन इस और अभी तक उन्होंने ध्यान नहीं दिया है। आखिर में ग्रामीणों में भी हार मानकर अपने घर के लिए बिजली की व्यवस्था के लिए सीधे ट्रांसफार्मर से तार लगाकर बिजली ले रहे हैं। क्षेत्र में इस समय डीपी से बिजली के तारों का जाल बिछ चुका है। ज्यादा तार होने के कारण यहां आए दिन फॉल्ट होते रहते हैं, जिससे ग्रामीण परेशान हैं।

ट्रांसफार्मर के पास ही रहने वाले उमेश सिंह दांगी ने बताया कि आए दिन किसी न किसी की केबल टूटती रहती है, व कुछ लोगों ने तो उनके घर के ऊपर से या आजू-बाजू से डोरी टांग रखी है, जिससे हादसे की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली की समस्या को लेकर हमने कई बार सीएम हेल्पलाइन पर भी शिकायत की है, फिर भी कुछ नहीं हुआ। गांव में दो ट्रांसफार्मर है, यहां दोनों की यही हालत है।

## नर्मदा तट आंवलीघाट, नीलकंठ, छीपानेर, बाबरी, बुधनी, मंडी पहुंचे श्रद्धालु

# सत्तू अमावस्या पर मां नर्मदा में लगाई आस्था की डुबकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेहटी

वैशाख मास की अमावस्या को सत्तू अमावस्या के रूप में मनाया जाता है। यूं तो प्रत्येक माह को पड़ने वाली अमावस्या पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु नर्मदा घाटों पर पहुंचकर स्नान करते हैं, लेकिन वैशाख मास की सत्तू अमावस्या का विशेष महत्व होता है। बुधवार को भी सत्तू अमावस्या पर सीहोर जिले के प्रसिद्ध नर्मदा तट आंवलीघाट, नीलकंठ, छीपानेर, बाबरी, बुधनी, मंडी सहित कई अन्य घाटों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त नर्मदा स्नान करने पहुंचे। इसके बाद उन्होंने सत्तू भगवान को मंदिर में चढ़ाया, दान किया और इसके बाद सत्तू खाकर अमावस्या का पर्व मनाया।

**नर्मदा घाटों पर किए विशेष इंतजाम :** सत्तू अमावस्या के दिन बड़ी संख्या में लोग स्नान करने के लिए नर्मदा घाटों पर पहुंचते हैं। इसको लेकर जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा भी सुरक्षा की दृष्टि से व्यवस्थाएं की गईं। इस दौरान आंवलीघाट, नीलकंठ, छीपानेर सहित अन्य घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। श्रद्धालुओं ने अलसुबह से ही नर्मदा घाटों पर पहुंचकर स्नान किया एवं पूजा-अर्चना करके सत्तू का दान भी दिया। महिलाएं भी सुबह से स्नान करके मंदिरों में पहुंची। यहां पर पूजा-अर्चना के बाद भगवान को सत्तू अर्पि बीत किया। इसके बाद घरों में आकर सत्तू खाया।



**इसलिए है सत्तू अमावस्या की मान्यता :** हिंदू मान्यता के अनुसार वैशाख मास की अमावस्या को सत्तू या सतुवाई अमावस्या के नाम से जाना जाता है। सत्तू अमावस्या पर नर्मदा स्नान सहित तीर्थों पर स्नान-दान, पूजन और पितरों की पूजा के बाद सत्तू दान करने की विशेष परंपरा है। सनातन परंपरा में इस दिन न सिर्फ सत्तू के दान बल्कि सत्तू के सेवन का शुभ फल बताया गया है। सत्तू अमावस्या का न सिर्फ धार्मिक बल्कि ज्योतिष महत्व भी है। ज्योतिष की दृष्टि से पितृदोष और कालसर्प दोष दूर करने वाली शांति पूजा के लिए सत्तू अमावस्या को बेहद शुभ माना गया है।

**सत्तू अमावस्या का दान :** हिंदू धर्म में मान्यता है कि सत्तू अमावस्या पर यदि किसी जरूरतमंद व्यक्ति को दोपहर के समय में चावल से बना सत्तू अथवा सामान्य सत्तू का दान किया जाए तो पुण्यफल की प्राप्ति होती है। इसी प्रकार सत्तू अमावस्या पर जरूरतमंदों को जल एवं अन्न का दान भी अत्यंत ही शुभ माना गया है। सत्तू अमावस्या की पूजा का उपाय हिंदू धर्म में सत्तू अमावस्या तिथि के दिन पूजा के विशेष उपाय बताए गए हैं, जिसे करने से न सिर्फ संबंधित देवी-देवता, बल्कि ग्रह विशेष का आशीर्वाद प्राप्त होता है। सत्तू अमावस्या का पुण्यफल पाने के लिए यदि संभव हो तो पूजा-पाठ करने के साथ व्रत भी रखना चाहिए। सत्तू अमावस्या के दिन भगवान श्री विष्णु का आशीर्वाद पाने के लिए उं नमो भगवते वासुदेवाय नमः मंत्र का अधिक से अधिक जप करना चाहिए। इस दिन शुभ फल की प्राप्ति के लिए पीपल के पेड़ पर पानी में कच्चा दूध और तिल मिलाकर चढ़ाना चाहिए। अमावस्या के दिन पीपल के पेड़ के नीचे दीया जलाना चाहिए। सत्तू अमावस्या पर गंगा स्नान को बहुत ज्यादा पुण्यदायी माना गया है, इसलिए यदि संभव हो तो इस दिन गंगा तट पर जाकर विशेष रूप से स्नान करना चाहिए। यदि आप गंगातट पर न जा पाएं तो अपने घर में नहाने के पानी में थोड़ा सा गंगाजल मिलाकर स्नान करके इस पुण्य लाभ पा सकते हैं। कुंडली में स्थित कालसर्प दोष और उसके कारण होने वाले कष्टों से मुक्ति पाने के लिए सत्तू अमावस्या के दिन स्नान- ध्यान करने के बाद चांदी से बने नाग-नागिन को बहते हुए पानी में प्रवाहित करना चाहिए। मान्यता है कि इस उपाय को करने पर कालसर्प दोष से मुक्ति मिलती है।

**खबर संक्षेप**

## सड़क, पानी की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने किया चुनाव का बहिष्कार

**कानड़।** क्षेत्र के घानिखेड़ी ग्राम पंचायत के मवड़ी खेड़ा गांव के ग्रामीणों ने आगामी 13 मई को होने जा रहे लोकसभा चुनाव के बहिष्कार का निर्णय लिया था। ग्रामीणों द्वारा पेयजल एवं सड़क निर्माण को लेकर उक्त मतदान बहिष्कार का निर्णय लिया था और गांव के बाहर चुनाव के बहिष्कार के बैनर पोस्टर लगाए थे। इसी तारतम्य में सोमवार की शाम को जिला प्रशासन का अमला जिसमें जनपद पंचायत सीईओ एम एल स्वर्णकार, पीएचई अधिकारी केएस खत्री, आगर तहसीलदार आलोक वर्मा, नायब तहसीलदार पुलकित जैन, पटवारी शुभम शर्मा, पंकज वाजपेई, मनोहर तालविया आदि द्वारा गांव में पहुंचकर ग्रामीणों को आश्वासन दिया की आचार संहिता के बाद पंचायत से ठहराव प्रस्ताव लेकर खेत सड़क योजना राज्य शासन को भेज दी जाएगी। जिसकी स्वीकृति के बाद कार्य शुरू कर दिया जाएगा। पेयजल समस्या को लेकर जल जीवन मिशन योजना कुंडलिया डैम से आने वाले प्रोजेक्ट के तहत पैयजल समस्या हल कर दी जायेगी। अधिकारियों के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने 13 में को मतदान करने के लिए सहमति जताई एवं लगाए गए बैनर पोस्टर को हटा दिए।

### अवैध कटाई और वनभूमि पर अतिक्रमण से सिकुड़ रहा जंगल का दायरा

# जंगल के बीचों-बीच संचालित हो रहे ईंट भट्टे, वन संपदा व वन्यप्राणी हो रहे प्रभावित

**अवैध तरीक़े से संचालित होने वाले इन ईंट भट्टों से वन और वन्यप्राणियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। लेकिन इसके बावजूद वन अमले द्वारा आरोपियों के खिलाफ कोई भी ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है ।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर





जिन वनकर्मियों के कंधों पर जंगल की सुरक्षा का जिम्मा है, वह अपने कर्तव्य को लेकर कितने सक्रिय हैं इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि वनपरिक्षेत्र में जहां पेड़ों की जमकर अवैध कटाई हो रही है। वहीं वनभूमि पर अतिक्रमण तेजी से बड़ रहा है। इसके अलावा जंगल के बीचों-बीच एवं इसके आसपास कई ईंट भट्ठे संचालित हो रहे हैं। लेकिन वनकर्मियों को इसकी भनक तक नहीं है। अवैध तरीक़े से संचालित होने वाले इन ईंट भट्ठों से वन और वन्यप्राणियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। लेकिन इसके बावजूद वन अमले द्वारा आरोपियों के खिलाफ कोई भी ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है । ऐसे में वनविभाग के अधिकारी और कर्मचारियों की कार्यशैली पर सवालिया निशान लग रहें है।

इछावर वनपरिक्षेत्र के नादान, मंडलगढ़, अलीपुर, कालियादेव, कनेरिया आदि बीटों में जंगल के बीचोबीच एवं इसके नजदीक कई स्थानों पर ईंट भट्ठे अवैध तरीक़े से संचालित हो रहे है । इन ईंट भट्ठों को पकाने के लिए भट्टे संचालकों द्वारा बड़ी संख्या में पेड़ों को काटा जा रहा है , साथ ही ईंट बनाने के लिए जंगल से ही मिट्टी का अवैध खनन कर रहे है। इसके अलावा धडल्ले से संचालित होने वाले इन ईंट भट्ठों से जंगल में प्रदूषण और तापमान में वृद्धि हो रही है। स्थिति यह है कि वन और वन्यप्राणियों पर इनका प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। पेड़ों की अंधाधुंध अवैध कटाई से जंगल दिनोंदिने समाप्त होता जा रहा है, साथ ही वनभूमि पर बड़ते अतिक्रमण से वनक्षेत्र तेजी से सिकुड़ रहा है। हैरानी की बात यह है कि यह सब वन अमले की नांक के नीचे और खुलेआम हो रहा है , लेकिन कोई भी जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। इसके चलते वनकर्मियों की कार्यशैली पर लोग सवाल खड़े कर रहे हैं।

### मिट्टी का अवैध खनन

वनक्षेत्र में नियमों को ताक पर रखकर ईंट भट्ठे संचालित किए जा रहे है। ईंट भट्ठों के इस अवैध कारोबार में भट्टे संचालक जंगल से मिट्टी का अवैध उत्खनन कर रहे है। अवैध भट्ठों से न सिर्फ उपजाऊ भूमि बंजर होती जा रही है, बल्कि पर्यावरण प्रदूषण होने के साथ ही जंगल का तापमान भी बड़ रहा है। जोकि वन्यप्राणियों के जीवन के लिए खतरा बना हुआ है।

### भट्टे पकाने कर रहे लकड़ी का उपयोग

बिना अनुमति के जंगल के बीच और इसके आसपास संचालित होने वाले ईंट भट्ठों को पकाने के लिए भट्ठा संचालक लकड़ी का उपयोग करते है। इसके लिए वह बडी संख्या में जंगल से हरे भरे पेड़ों को काट रहे है। इससे जंगल का दायरा सिकुड़ रहा है। हालत यह है कि वनक्षेत्र पठार और खेत में तब्दील होते हुए दिखाई दे रहे है। लोगों का कहना है कि यह सब वनकर्मियों की मिलीभगत से हो रहा है। यही कारण है कि जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे है।

**कार्रवाई की जाएगी**

जंगल में अवैध कटाई, अतिक्रमण और ईंट भट्टे संचालित किए जाने की जांच कराई जा रही है। जांच के बाद दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**नवनीत झा,** वन परिक्षेत्राधिकारी

# भैरूंदा नगर में हुआ 73 प्रतिशत मतदान अधिकारियों ने माना मतदाताओं का आभार



**भैरूंदा।** लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में विदिशा लोकसभा सीट के लिए हुए मतदान में बुधनी विधानसभा के भैरूंदा में लगभग 73 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वे चिलचिलाती धूप एवं गर्मी में भी मतदान केंद्रों पर पहुंचे। मतदाताओं द्वारा दिखाई गई जागरूकता को लेकर एसडीएम मदन सिंह रघुवंशी, एसडीओपी दीपक कपूर सहित अन्य अधिकारियों ने मतदाताओं का भी आभार माना है। मतदान के दौरान जहां मतदाताओं ने जागरूकता दिखाई तो वहीं अधिकारी भी अपनी ड्यूटी पर तैनात रहे और लगातार क्षेत्र का भ्रमण करते रहे। इस दौरान भैरूंदा तहसील में चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ।

### नगर परिषद अध्यक्ष ने माना आभार

भैरूंदा नगर में हुए 73 प्रतिशत मतदान को लेकर नगर परिषद भैरूंदा के अध्यक्ष मारूति शिशिर ने भी मतदाताओं का आभार माना है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में जिस तरह से लोगों ने उत्साह दिखाया है वह बेहद सराहनीय है। लोकतंत्र में जनता ही अपना जनप्रतिनिधि चुनती है और यहां के लोगों ने हमारे पूर्व मुख्यमंत्री एवं विकास पुरूष शिवराज सिंह चौहान पर ही भरोसा जताया है। इस बार उनकी यहां से रिकार्ड मतो से जीत होगी।

**लगातार चलाई गई स्वीप गतिविधियां :** लोकसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा मतदान के लिए भैरूंदा में लगातार स्वीप गतिविधियां संचालित होती रहीं। कलेक्टर प्रवीण सिंह के निर्देशन एवं एसडीएम मदन सिंह रघुवंशी, सीएमओ प्रफुल्ल गठरे सहित अन्य अधिकारियों के मार्गदर्शन में लगातार यहां पर स्वीप गतिविधियों के तहत मतदाताओं को जागरूक किया गया। इसी का परिणाम है कि मतदाताओं ने जागरूकता का परिचय देते हुए अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

इस संबंध में भैरुंदा एसडीएम मदन सिंह रघुवंशी ने बताया कि बुधनी विधानसभा सहित भैरूंदा नगर में भी मतदाताओं ने अपने घरों से निकलकर मतदान केंद्रों पर पहुंचकर वोट किए हैं। मतदाताओं को जागरूक करने के लिए लगातार स्वीप गतिविधियां संचालित की गई थी। सभी मतदाताओं का आभार, जिन्होंने मतदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

वहीं भैरुंदा एसडीओपी दीपक कपूर ने कहा कि मतदाताओं का आभार, जिन्होंने गर्मी और धूप में भी निकलकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। भैरूंदा तहसील में मतदान पूरी तरह शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से पर्याप्त सुरक्षा बल का इंतजाम किया गया था। चुनाव पूरी तरह शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ।

# अनुबंध पत्र का पंजीयन कार्यालय में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

अचल सम्पत्ति क्रय-विक्रय के अनुबंध (सौदा-चिट्ठी) का पंजीयन आवश्यक है। भारतीय रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1908 की धारा-17 के अंतर्गत अचल सम्पत्तियों भूमि, भवन, फ्लेट, प्लॉट, दुकान, गोडाऊन, कार्यालय इत्यादि को खरीदने या विक्रय के एग्रीमेंट का पंजीयन सब रजिस्ट्रार कार्यालय में करना अनिवार्य है। केवल स्टाम्प पर लिखे गये नोटराईज्ड अनुबंध कानूनी अधिकार प्रदान नहीं करता है।

अचल सम्पत्ति के क्रय-विक्रय के अनुबंध पत्रों पर स्टाम्प एवं पंजीयन शुल्क निर्धारित है। एग्रीमेंट में सम्पत्ति पर कब्जा नहीं दिया है, तो एक हजार रूपये स्टाम्प ड्यूटी और अनुबंध मूल्य का 0.8 प्रतिशत पंजीयन फीस प्रभार्य है। अनुबंध के द्वारा कब्जा देने पर सम्पत्ति के बाजार मूल्य या सौदा मूल्य, जो भी अधिक हो का हस्तांतरण पत्र अनुसार 5 प्रतिशत स्टाम्प शुल्क तथा 0.8 प्रतिशत पंजीयन फीस प्रभार्य है। अनुबंध पत्र पर उपरोक्तानुसार चुकाई गई स्टाम्प ड्यूटी और पंजीयन फीस का समायोजन रजिस्ट्री कराने पर हो जाता है। आम नागरिकों से अपील की गई है कि अचल सम्पत्ति क्रय-विक्रय के अनुबंध पत्रों का पंजीयन अवश्य कराएं। रजिस्टर्ड अनुबंध से अधिकार सुरक्षित रहते हैं तथा विवाद की संभावना बहुत कम हो जाती है।

### सरकारी स्कूलों में ऑर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पाठ्यक्रम

**सीहोर।** प्रदेश में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप ऑर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पाठ्यक्रम की जानकारी देने के लिये राज्य ओपन स्कूल बोर्ड ने 53 चयनित सरकारी स्कूलों में शुरूआत की है। यह पाठ्यक्रम जून-2022 से पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू किया गया है। पाठ्यक्रम से चयनित स्कूलों के विद्यार्थियों को नवीनतम तकनीक सिखाने में सहायता मिल रही है। इससे विद्यार्थियों को भविष्य में रोजगार के अवसर प्राप्त करने में सहायता मिलेगी।

# रेहटी में सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा धूमधाम से मनाई जाएगी भगवान परशुराम जयंती

**10 मई को सुबह होगी पूजा-आरती, 4 बजे से निकलेगी भव्य शोभायात्रा**



**रेहटी।** सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी नगर में 10 मई को भगवान परशुराम जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। इस अवसर पर सुबह के समय नगर की ब्राह्मण समाज धर्मशाला गांधी चौक पर भगवान परशुराम की पूजा, अर्चना होगी तो वहीं शाम 4 बजे से नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी।

सर्व ब्राह्मण समाज रेहटी के मीडिया प्रभारी कमलेश्वरदास वैष्णव ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान सर्व ब्राह्मण समाज रेहटी के अध्यक्ष विनय पालीवाल सहित सभी पदाधिकारियों एवं विप्रजनों की उपस्थिति में गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके लिए नगर सहित तहसील के ग्रामीण क्षेत्रों में भी विप्र बंधुओं को आमंत्रण दिया गया है एवं सभी से विनम्र अपील की गई है कि वे ज्यादा से ज्यादा संख्या में पधारे।

**गांधी चौक से कृष्ण वाटिका पहुंचेगी शोभा यात्रा:** भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर 10 मई को भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसकी शुरूआत सर्व ब्राह्मण समाज धर्मशाला गांधी चौक रेहटी से होगी। इस दौरान शोभा यात्रा हनुमान चौक, श्रीराम मंदिर, पुराने बस स्टैंड, कृषि उपज मंडी से होते हुए श्रीकृष्णा वाटिका मुख्य मार्ग रेहटी पर पहुंचेगी। यहां पर आरती के साथ शोभायात्रा का समापन होगा। इस दौरान नगर में विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा शोभा यात्रा का स्वागत, सत्कार किया जाएगा एवं फूलों की बारिश भी की जाएगी। आयोजन की तैयारियों को लेकर ब्राह्मण समाज की टीम जुटी हुई है।

# एक रंग में होकर स्व-सहायता समूहों ने मतदान में निभाई अपनी जिम्मेदारी



**भैरुंदा।** विकास खंड में आने वाले विभिन्न ग्रामो के पोलिंग बुथो पर आजीविका स्वयं सहायता समूहो की दीदीयो के द्वारा समूह मे जा जाकर मतदान किया वही अपने ग्राम की सभी महिला पुरूषो को घर घर जाकर मतदान करवाने के लिए मतदान केंद्र पर लाने का काम किया। ग्रामीण आजीविका मिशन विकास खण्ड भैरूंदा अंतर्गत आजीविका स्वयं सहायता समूहो की दीदीयो ने पोलिंग बुथ पर मतदान करवाने आए मतदान दल की आरती कर तिलक लगाया और फूल मालाओ से स्वागत किया वही विकास खण्ड भैरूंदा मे शत प्रतिशत मतदान करवाने की जिम्मदारी लेकर समूह की दीदीयो ने अपने अपने ग्रामो में जिम्मेदरीयो को निभाया कर घर घर से महिला पुरूषो को पोलिंग बुथो तक लाने का काम किया वही उनको मतदान करने के लिये प्रोत्साहित करते हुये मतदान के अधिकार और कर्तव्य को समझाया गया । इस अभियान को सफल बनाने के लिये आजीविका मिशन के विकास खण्ड भैरूंदा के प्रबंधक नरेन्द्र यादव, सहायक विकास खण्ड प्रबंधक हरिनारायण मालवीय, सहायक विकास खण्ड प्रबंधक नितिन धुर्वे, सहायक विकास खण्ड प्रबंधक रीता अहिरवार और सहायक विकास खण्ड प्रबंधक अनन गौरे सहित आजीविका मिशन की सभी सीआरपी और समूह संगठन के पदाधिकारी और समूह की दीदीयो ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिसके लिये ग्रामीण आजीविका मिशन के जिला परियोजना प्रबंधक दिनेश बरफा सभी का आभार व्यक्त किया।

### कासिम झंकार और तारीक हुसैन कव्वाल ने अपने कलाम पेश किए

# हजरत दूल्हा बादशाह दरगाह पर शुरू हुआ उर्स मेला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर





राय परिवार के द्वारा हजरत दूल्हा बादशाह रहमतुल्ला अलेया बाबा की दरगाह पर चादर चढ़ाई गई। अंसारी पार्टी के द्वारा दरगाह पर मिलाद पेश किया गया। मिलाद के साथ ही तीन दिवसीय 56 वां हिन्दू मुस्लिम एकता उर्स मेला शुरू हो गया। हजरत दूल्हा बादशाह उर्स कमेटी के द्वारा मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाज सेवी अखिलेश राय, विशिष्ट अतिथि पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश राय ओर युवा अतिथि राजकुमार जायसवाल रिंकू का स्मृति चिंह भेंटकर सम्मान किया जाएगा। हजरत दूल्हा बादशाह रहमत उल्ला अलेया बाबा की दरगाह पर प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी तीन दिवसीय उर्स मंगलवार से प्रारंभ हो गया है। कमेटी अध्यक्ष रिजवान पठान और सचिव नौशाद खान के द्वारा व्यवस्थाओं को देखा जा रहा है। तहसील चौराहा से पीडब्ल्यूडी कार्यालय तक सड़क के दोनों तरफ खेल खिलौनों मिठाईयों की दुकाने सज गई है। बड़ी तादात में मौजूद लोगों के बीच बुधवार रात सीहोर के कासिम झंकार और तारीक हुसैन कव्वाल के द्वारा बाबा के दरबार में अपने कलाम पेश किए गए।

स्वर्गीय गेंदालाल राय के द्वारा हजरत दूल्हा बादशाह बाबा की दरगाह पर चादर चढ़ाने की परंपरा की शुरुआत की गई थी राय परिवार के द्वारा इस परंपरा का निर्वहन बाबा की दरगाह पर चादर चढ़ा कर किया गया। गुरूवार रात दिल्ली के मशहूर कव्वाल सरफराज चिश्ती के द्वारा कव्वालियां पेश की जाएगी। उर्स कमेटी सचिव नौशाद खान ने बताया कि उर्स मेले में सीहोर भोपाल रायसेन राजगढ़ देवास जिले के हजारों मुस्लिमजन सम्मिलित होकर बाबा से घर परिवार और देश के लिए अमन चैन की दुआ मांगेंगे। कव्वालियां सुनने पहुंचने वाली महिलाओं के लिए भी बैठने की बेहतरीन व्यवस्था की गई है। हजरत दूल्हा बादशाह बाबा उर्स कमेटी में अनवर शाह बाबा, अशफाक खान,जैकी हुसैन,अमीन बिजली, रईस मंत्री, राजा मियां, तययूब खा साजिद पठान आमिर हुसैन सहित अन्य युवाओं को वरिष्ठ सदस्य के रूप में शामिल किया गया है।

# सेन समाज ने मनाई हर्षोल्लास के साथ श्री सेन जयंती



**रेहटी।** सर्व सेन समाज संगठन के द्वारा संत शिरोमणि श्री जी महाराज की 724वीं जयती बड़े धूमधाम से रेहटी के बागवान गार्डन में मनाई। सेन समाज द्वारा संत शिरोमणि सेन जी महाराज की महा आरती की गई दिनभर यहां परसेंट समाज द्वारा पूजन पाठ का आयोजन किया गया वही समाज के अध्यक्ष अशोक सेन ने बताया कि आचार संहिता के चलते सेन समाज द्वारा इस बार शोभा यात्रा नहीं निकल गई समाज जनों द्वारा संत शिरोमणि सेन जी महाराज की महा आरती के पश्चात पूजन पाठ किया गया और प्रसादी का वितरण किया गया इस मौके पर अध्यक्ष अशोक सेन, उपाध्यक्ष अतुल सेन, अशोक सेन, कोषाध्यक्ष दिनेश सेन, लक्ष्मीनारायण सेन, सचिव दिनेश सेन, सह सचिव वरुण सेन, नगर महामंत्री कर्मेंद्र सेन, सही सभी समाज जन उपस्थित रहे।

### दोपहर की तीखी धूप के बाद भी मतदान केंद्रों पर नजर आई लंबी-लंबी कतारें

# उत्साह के आगे फीकी पड़ी सूर्य की तपिश

# राजगढ़ में 76 प्रतिशत मतदान

## छिटपुट घटनाओं को छोड़कर शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुए चुनाव, कलेक्टर-एसपी, सभी एसडीएम सुबह से शाम तक करते रहे मॉनिटरिंग, राजगढ़ नपाध्यक्ष विनोद साहू को पुलिस ने घर में ही किया नजरबंद


तीखी धूप में भी केंद्रों पर नजर आई लंबी कतारें।


मतदान केंद्रों का सतत भ्रमण करते कलेक्टर।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा-राजगढ़

राजगढ़ लोकसभा के 18 लाख मतदाताओं ने मंगलवार को अप्रत्याशित उत्साह के साथ लोकतंत्र के पर्व में अपनी भागीदारी सुनिष्चित की। राजगढ़ की पांचों एवं गुना व आगर जिले की तीन इस तरह सभी आठों विधानसभाओं को मिलाकर संपूर्ण लोकसभा में मतदान समाप्ति तक कुल 76 प्रतिशत मतदान हुआ है। तृतीय चरण में राजगढ़ सहित मध्यप्रदेश की 9 लोकसभाओं में चुनाव थे। मतदान प्रतिशत में राजगढ़ लोकसभा ने सभी नौ विधानसभाओं को पीछे छोड़ते हुए बाजी मार ली। कुछेक मामूली घटनाओं को छोड़कर संपूर्ण लोकसभा में शांतिपूर्ण तरीके से मतदान हुआ है। राजगढ़ में पुरा क्षेत्र के सराय स्कूल में हुए एक विवाद के बाद पुलिस ने राजगढ़ नगर पालिका अध्यक्ष विनोद साहू को मतदान समाप्ति तक उनके ही घर में नजर बंद कर दिया।


उधर, पचोर में पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पंकज यादव को भी दोपहर में पुलिस ने थाने में बैठा लिया। कांग्रेस प्रत्याषी एवं पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने बाद में पचोर थाने पहुंचकर इस पर अपनी आपत्ति दर्ज करवाई। इसके साथ ही उन्होंने संबंधित अधिकारियों को ट्वीट भी किया। राजगढ़ के संकटमोचन कॉलोनी क्षेत्र के मतदान केंद्र पर भाजपा, कांग्रेस के पदाधिकारियों के बीच एक मतदाता की पहचान को लेकर बहसबाजी भी हुई जो तू-तू मैं-मैं में तब्दील हो गई। अच्छी बात यह रही कि पूरी लोकसभा में शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव संपन्न हुए। कहीं से भी ज्यादा बड़ी घटनाओं के समाचार नहीं हैं। ब्यावरा और सारंगपुर क्षेत्रों में खासे उत्साह के साथ मतदाताताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। अंतिम समय तक सभी आठों विधानसभाओं में सारंगपुर विधानसभा का मतदान प्रतिशत सर्वाधिक रहा।

## कई जगह हुआ मतदान का बहिष्कार




नरसिंहगढ़ विधानसभा क्षेत्र में कुछ जगह ग्रामीणों ने ओलावृष्टि में नष्ट हुई फसलों का मुआवजा नहीं मिलने पर मतदान का बहिष्कार कर दिया। ग्रामीणों का कहना था कि उन्होने कई बार इसके लिए आंदोलन भी किया परंतु उनकी एक नहीं सुनी गई इसलिए मजबूरन उन्हें यह रास्ता अपनाना पडा। नरसिंहगढ़ विधानसभा के बिरगडी,बाबरोन व कथीरी के ग्रामीणों ने एसडीएम एवं तहसीलदार को बताया की उन्होंने कई बार अपनी बात रखी परंतु किसी ने सुनवाई नहीं की। अधिकारियों ने समझाइश भी दी और मतदान की अपील की परंतु पोलिंग वूथ सूना पड़ा रहा।

### शराब पीकर ड्यूटी करने वाले पीठासीन सस्पेंड


कार्यालय कलेक्टर (निर्वाचन) जिला राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र.
आदेश

खिलचीपुर विधानसभा क्षेत्र में लोकसभा के चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से कराए गए कहीं कोई विवाद की स्थिति नहीं बनी। मतदान केंद्रों पर मतदाताओं ने बढ़ चढ़कर खूब मतदान किया। सुबह से लंबी-लंबी कतारों में लगकर मतदान किया। ग्राम पंचायत जामुनिया पीठासीन अधिकारी को सस्पेंड किया गया। कारण बताने पर ग्रामीणों ने बताया कि पीठासीन अधिकारी ने शराब पी रखी थी। जिस पर प्रशासन ने एक्शन लेते हुए बालकृष्ण चौहान को सस्पेंड कर दिया है।






## देश निर्माण में अपने मतों की दी आहूतियां

जहां एक तरफ आम जनता में मतदान के प्रति उत्साह देखा गया वहीं लोकसभा क्षेत्र के राजनैतिक दिग्गजों एवं उनके परिवारों में भी अपने मतदाधिकार का प्रयोग कर देश हित में मतदान करते देखा गया। इनमें मुख्य रूप से पूर्व सांसद लक्ष्मण सिंह ,मंत्री जयवर्द्धन सिंह अपनी पत्नि एवं सहित 10 बजकर 30 मिनिट पर मतदान केंद्र राधौगढ पहुंचे, वहीं सांसद रोडमल नागर ने अपने गृहनगर में सुबह 7 बजे मतदान किया। साथ ही राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार ने ब्यावरा एवं पूर्व विधायक राज्यवर्धन सिह ने नरसिंहगढ़ में अपने मताधिकार का प्रयोग किया।





## मतदान से पूर्व दिग्विजय सिंह ने लगाई नर्मदा में डुबकी

लोकसभा चुनाव की वोटिंग शुरू होने से पहले पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह मां नर्मदा को याद करना नहीं भूले। उन्होने कुशलक्षेम के लिए ब्रहम मुहूर्त में सीहोर जिले में स्थित आंवली घाट पर स्नान कर मा नर्मदा को चुनरी भेंट की ।

### ग्रामीण युवाओं ने भी बढ़चढ़कर लिया हिस्सा


शहर तो क्या इस बार ग्रामीण युवाओं ने भी बढ़चढ़कर मतदान में हिस्सा लेते हुए देश हित में अपना मत दान किया। खजुरिया ग्राम पंचायत के युवाओं ने मतदान पर चर्चा करते हुए बताया कि हमने राष्ट्रहित में अपना मत दिया है।

### मंत्री टेटवाल ने भी परिवार सहित डाला वोट


सारंगपुर के विधायक एवं राज्य मंत्री गौतम टेटवाल ने भी अपनी परिवार सहित मतदान किया। उन्होने इस मतदान को देश हित में बताते हुए विश्वगुरू की ओर नया कदम बताया।

## सारंगपुर में भी तीन नेताओं को पुलिस ने किया नजर बंद

*__सारंगपुर__। इस बार लोकसभा चुनाव के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा सभी प्रकार की तैयारी की गई थी। जिला एवं स्थानीय निर्वाचन अधिकारी चुनाव को लेकर लगातार मॉनिटरिंग कर रहे थे। राज्य चुनाव आयोग की और से शत प्रतिशत मतदान कराने के लिए तमाम प्रयास करते हुए सभी मोबाइलों पर एसएमएस भेजे गए। वहीं कांग्रेस भाजपा के पदाधिकारी कार्यकर्ता अपने पक्ष में मतदान कराने के लिए तेज गर्मी में भी दौड़ते-भागते दिखे आचार संहिता के मध्य नगर पुलिस प्रशासन भी लगातार चुनावी क्षेत्रों में गस्त करता दिखाई दिया। स्थानीय निर्वाचन कार्यालय पर सभी मतदान केंद्रों की पल पल की रिपोर्ट मंगाई जा रही थी। छुटपुट कहासुनी के बाद चुनाव में मतदान को प्रभावित करने वाले तीन व्यक्तियों को पुलिस ने थाने बैठाकर नजर बंद किया गया, जिसमें कांग्रेस पार्टी के पार्षद प्रतिनिधि कमरुद्दीन कुरैशी,पार्षद प्रतिनिधि नफीस अली, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिला मंत्री जाकिर सैफी को नजर बंद किया था। पुलिस प्रशासन द्वारा उनकी वोटिंग भी कराई गई देर शाम 6 बजे बाद उनको छोड़ो गया। वहीं चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न कराया गया।*

### खास बातें

- राजगढ़ के गंज स्कूल केंद्र में तीन थर्ड जेंडरों ने किया मतदान।
- पचोर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि पंकज यादव को पुलिस ने थाने में बैठाया।
- कलेक्टर, एसपी, सभी एसडीएम सुबह से शाम तक करते रहे मॉनिटरिंग।
- खासे उत्साहित दिखे युवा वोटर्स, ली सेल्फियां।
- सभी केंद्रों पर दिव्यांगजनों के थी लिए व्हीलचेयर्स की व्यवस्था।
- पिंकबूथों पर सिर्फ महिला कर्मचारियों ने करवाया मतदान।
- शहर की अपेक्षा ग्रामीण अंचलों में था ज्यादा उत्साह।
- देर रात्रि तक जमा होती रही मतदान सामग्री।

### हर 2 घंटे में यूं बढ़ता गया वोटिंग प्रतिशत

| समय | प्रतिशत |
|---|---|
| सुबह 09 बजे | 16.63 |
| सुबह 11 बजे | 34.85 |
| दोपहर 1 बजे | 52.16 |
| दोपहर 3 बजे | 63.69 |
| शाम 5 बजे | 71.78 |
| अंतिम समय तक | 74 |

### विधानसभावार वोटिंग प्रतिशत

| विधानसभा | प्रतिशत |
|---|---|
| ब्यावरा | 75.89 |
| चाचौड़ा | 66.21 |
| खिलचीपुर | 76.44 |
| नरसिंहगढ़ | 74.15 |
| राघोगढ़ | 72.88 |
| राजगढ़ | 77.58 |
| सारंगपुर | 78.75 |
| सुसनेर | 74.90 |

## दोपहर बाद वोटिंग प्रतिशत ने मारी उछाल

*सुबह के समय धीरे-धीरे हो रहा मतदान दोपहर होते-होते और ज्यादा तेज होता गया। पहले कयास लगाए जा रहे थे कि भीषण गर्मी के कारण ग्रामीण अंचलों के लोग संभवतः वोट करने नहीं आएंगे। लेकिन, इन कयासों के ठीक उलट दोपहर 12 के बाद ग्रामीण केंद्रों पर मतदाताओं की लंबी-लंबी कतारें देखी गईं।*

### तीन थर्ड जेंडरों ने राजगढ़ आकर किया मतदान

*संपूर्ण लोकसभा की आठों विधानसभाओं में कुल 22 थर्ड जेंडर(तृतीय लिंग) मतदाता हैं। इनमें से तीन थर्ड जेंडर मतदाताओं ने ब्यावरा से राजगढ़ आकर मतदान किया। राजगढ़ के गंज स्कूल स्थित केंद्र पर तीनों के नाम दर्ज थे।*



90 वर्षीय बुजुर्ग को गोद में लाया बेटा।


आदर्श मतदान केंद्रों पर बनाई गई आकर्षक रंगोलियां।



पहली बार वोट डालकर उत्साहित युवा वोटर।


बुजुर्गों, दिव्यांगों के लिए थी व्हीलचेयर की व्यवस्था।

### सीसीटीवी से पकड़ाया चोर, किया पुलिस के हवाल

## इधर, चल रही थी वोटिंग उधर चोर ने मोबाइल पर हाथ मारा

**राजगढ़**। जिल अस्पताल परिसर के विभिन्न वार्डों में मोबाइल, पर्स इत्यादि सामानों की अक्सर चोरियां होती जा रहती हैं। लेकिन, मंगलवार को एक मरीज के मोबाइल को चुराने वाले व्यक्ति की पहचान सीसीटीवी से होने पर सुरक्षा गार्डों ने उसे कोतवाली पुलिस के हवाले कर दिया। जानकारी के अनुसार जिला अस्पताल के ट्रामा सेंटर से एक व्यक्ति को मोबाइल चोरी हो गया। सिग्मा इन्फोटेक सिक्यूरिटी कंपनी



के कर्मचारियों ने अस्पताल के सीसीटीवी कन्ट्रोल में जाकर वीडीआर खंगाली तो चोर उसमें चोरी करते स्पष्ट नजर आ गया। इसके उपरान्त गार्डों ललित, पवन, रोहित सहित अस्पताल के अन्य स्टाफ ने उक्त व्यक्ति ओमप्रकाश उम्र 25 साल निवासी लक्ष्मणपुरा को कोतवाली पुलिस के हवाले कर दिया।

### इनका कहना

राजगढ़ के मतदाताओं ने बहुत अच्छा उत्साह दिखाकर लोकतंत्र के पर्व में भागीदारी सुनिष्चित की है। इतने दिनों के टीम वर्क और मतदाताओं की वजह से इतना अधिक मतदान प्रतिशत संभव हो पाया।

**- हर्ष दीक्षित, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, राजगढ़**


कलेक्टर ने सुबह किया मतदान।


पुलिस अधीक्षक ने भी किया मतदान।

## खबर संक्षेप

### सेल फैक्ट्री के मैदान में अचानक लगी आग



**जावर।** मेहतवाड़ा स्थित सेल मैन्युफैक्चरिंग प्राइवेट कंपनी के मैदान में आग लग गई। आग पर काबू पाने के लिए चार फायर ब्रिगेड को बुलाया गया। लेकिन आग बुझाने में असफल रहे। आग लगने से वन्य जीव पक्षी और हरे भरे पेड़ पौधे आग की लपेटे में जाने के कारण अधिक नुकसान हुआ। एक्सपर्ट का कहना है कि कंपनी के अंदर वन्य प्राणी हिरण, मोर तेंदुए को भी कई बार देखा गया है। आग लगने का कारण खेतों में आग लगने के कारण कंपनी की बाउंड्री के अंदर चिंगारी पहुंच गई। जिसपर काबू नहीं पाया जा सका। आग को तैजी से फैलता देख प्रत्यक्षदर्शियों ने जावर आष्टा थाना और कोठरी से फायर टेंडर बुलाए। जसके सहयोग से देर रात तक आग पर काबु पाने का प्रयास किया गया।

### रेड क्रॉस दिवस मनाया

**सीहोर।** विश्व रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर रेड क्रॉस सोसाइटी के जनक सर हेनरी डुनाट का जन्म दिवस मनाया गया। इस अवसर पर जिला रेड क्रॉस सोसाइटी की सचिव संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत के निर्देशन पर जिला रेड क्रॉस सोसाइटी के तहसील चौराहे पर स्थित कार्यालय में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

### नवनिर्मित कृषि उपज मंडी में शुरू हुई प्याज, लहसुन की नीलामी

# व्यापारियों के गोदाम नहीं होने से नीलामी के बाद किसान को 5 किमी दूर तक ढोना पड़ती है उपज

लापरवाही की वजह से पानी की टंकी भी शोपीस बनी हुई है। किसानों को सुबह से लेकर शाम तक अपनी उपज को बेचने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

किसानों के हित में दर्जनों योजना शासन द्वारा चलाई जा रही हैं। जिसका फायदा किसानों को मिल सकें। जबकि प्रशासन में बैठे जवाबदार अधिकारी व कुछ कर्मचारी की लापरवाही से उनके साथ खुलेआम शोषण हो रहा है। नवनिर्मित कृषि उपज मंडी में प्याज, लहसुन की नीलामी, सुविधाएं नहीं दी जा रही है। यहां पर व्यापारियों के गोदाम नहीं होने की वजह से नीलामी के बाद किसान को ही 5 किमी तक उपज को ढोना पड़ती है। इससे किसान को आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ रहा है। इसके अलावा यहां पर पानी की भी कोई व्यवस्था नहीं की गई है।

मंडी प्रबंधन की लापरवाही की वजह से पानी की टंकी भी शोपीस बनी हुई है। नवनिर्मित कृषि उपज मंडी में प्याज लहसुन की नीलामी के वक्त चपत लगाई जा रही है। किसानों के प्याज, लहसुन भरने में सहयोग करने को लेकर उपज एक किलो से डेढ़ किलो तक निकाल लेते हैं। जबकि अन्य मंडियों में प्रति बोरे 5 रुपए के हिसाब से लेते हैं। आष्टा कृषि उपज मंडी में अनुमान से लहसुन, प्याज किसानों के बोरे में से निकाली जाती है। जबकि वह हजारों में पहुंच जाती है। क्योंकि इस समय लहसुन का भाव 100 रुपए से ऊपर है तो वहीं प्याज का भाव 10 से 15 रुपए है। प्रतिदिन अगर 100 किसान भी लहसुन बेचने आए तो उनसे आधा किलो ही लिए तो 50 किलो हो जाएगा। इसी तरह प्याज के बोरे में से भी प्याज निकाली जाती है। किसान अगर विरोध भी करें तो ड्यूटी कर्मचारी उसे नजरअंदाज कर शांत करा देते हैं।

### 2 शिफ्ट में होती है नीलामी

लहसुन, प्याज की नीलामी दो शिफ्ट में होती है। सुबह 10 बजे से 12 बजे तक और दोपहर 2 बजे से शाम 5.30 तक नीलामी की जाती है। जिससे किसानों को सुबह से लेकर शाम तक अपनी उपज को बेचने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता है। शाम को नीलामी के बाद 5 किमी दूर तुलवाने आना पड़ता है। किसान काफी लेट होने के कारण अपना बाजार का जरूरत का सामान नहीं खरीद पाता है। लहसुन, प्याज की नीलामी सुबह 10 बजे से शुरू होकर बगैर लंच लिए ही नीलामी करना चाहिए ताकि किसान आसानी से अपना माल बेचकर घर जा सकें।

### किसानों को यहां भी नुकसान

नवनिर्मित कृषि उपज मंडी नगर से लगभग 5 किमी है जहां नीलामी होती है। वहां से व्यापारी द्वारा खरीदा गया लहसुन, प्याज की तुलावटी व खाली व्यापारी के दूर दराज बने गोडाउन पर होती है। जिससे किसानों को नुकसान होता है। अब किसानों के लिए दोगुनी परेशानी हो गई है। नियमानुसार मंडी में नीलाम हुआ है तो मंडी में तो तौलने की व्यवस्था होनी चाहिए।

#### मुझे नहीं है जानकारी

मुझे जानकारी नहीं है। जिन कर्मचारियों की ड्यूटी नीलामी में है उनकी ड्यूटी चुनाव में लगी है। मुझे जानकारी नहीं है।
**भोपाल सिंह उपलादिया,** मंडी सहायक उपनिरीक्षक

# सड़क के गहरे गड्ढे दे रहे गंभीर हादसों को न्योता

### आए दिन हो रही दुर्घटनाएं



**आष्टा।** लोगों ने संकेतक के रूप में गड्ढे के ऊपर पेड़ की पत्तियां रख दी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर के दशहरा मैदान स्थित सब्जी मंडी जहां रोज सैकडों किसान, व्यापारी व आम नागरिक आते हैं। उसी मार्ग पर बीच रोड कई दिनों से बड़ा गड्ढा है। जिसके कारण आए दिन दुर्घटना हो रही हैं।

इसे देखते हुए स्थानीय व्यापारियों व लोगों ने संकेतक के रूप में गड्ढे के ऊपर पेड़ की पत्तियां रख दी हैं। जिससे लोग किसी तरह की दुर्घटना से बच सकें। बता दें कि उक्त गड्ढे की समस्या कई दिनों से चल रही है। इस ओर न तो पार्षद ध्यान दे रहे हैं ओर न ही जिम्मेदार अधिकारी। जबकि उक्त मार्ग से किसान, व्यापारी व आम नगारिक बड़ी संख्या में वाहन व पैदल निकलते हैं। क्योंकि उस स्थान पर सब्जी मंडी, मार्केटिंग सोसायटी, न्यायालय, तहसील कार्यालय, थाना, कृषि उपज मंडी व कन्नौद रोड पर जाने वाला मार्ग है।

सुबह से लेकर देर रात तक उक्त मार्ग पर लोगों का आवागमन जारी रहता है। कई बार वाहन फंस चुके हैं। हालांकि अभी कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ है। इससे पहले शायद जवाबदार जाग जाएं।

### अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन में महिलाओं ने लोक कल्याण की ली शपथ

**आष्टा।** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन में राष्ट्रीय अध्यक्ष अंजु सरावगी उड़ीसा व प्रांतीय अध्यक्ष राजकुमारी बागड़ी ने शाखा आष्टा में तीन ब्रांचों की महिलाओं को शपथ दिलाई। इनमें आष्टा, भोपाल व शाखा कुरावर शामिल हैं। विशेष सलाहकार विजयलक्ष्मी गणेश उपाध्याय ने बताया की राष्ट्रीय अध्यक्ष अंजू सरावगी, आंचल प्रमुख सुमन मुंदड़ा, राष्ट्रीय बाल विकास प्रमुख इंदू गर्ग व अंशु गुप्ता, प्रांतीय अध्यक्ष राजकुमारी बागड़ी ने आष्टा विजिट कर शपथ विधि करवाई व नए अध्यक्षों को सचिव को कोषाध्यक्ष को बैच लगाएं। शाखा आष्टा के सभी पदाधिकारियों ने बाहर से पधारे हुए मुख्य अतिथि व विशेष अतिथि को अभिनंदन पत्र व पौधे देकर सम्मान किया। मेहंदी की कक्षा लगाई अध्यक्ष रानी सोनी के कार्यकाल में सचिव अनीता शर्मा ने अपनी रिपोर्ट पड़ी। वहीं आष्टा शाखा के सभी पदाधिकारियों ने मिलकर पैसों का कलेक्ट कर कन्या शाला छात्रावास में स्कूल लाइब्रेरी में बच्चों की किताब रखने के लिए एक अलमारी भेंट की। साथ ही महिला सशक्तिकरण प्रमुख स्मिता मूंदड़ा ने जरूरतमंद महिला को रोजगार देने के लिए सिलाई मशीन दी। वहीं एक बच्ची को मेहंदी की क्लास लगवाई ताकि वह मेहंदी सीखकर रोजगार चला सकें व लड़कियों को सिखा सकें। बाल विकास प्रमुख सुनीता ऐलजपुरिया ने पितृहीन बच्चे जिनके माता-पिता नहीं है उनको गोद लिया है।

# आशा कार्यकर्ता ने जांच के बहाने मरीज को निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया, जांच हुई शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




सिविल अस्पताल में बेहतर इलाज के लिए बीएमओ लगातार प्रयास कर रहे हैं। लेकिन कई आशा कार्यकर्ता मरीजों को प्राइवेट अस्पतालों में भेज रही हैं। आशा कार्यकर्ता अनिता चौहान पति मनोहर चौहान ने एक मरीज के जांच के बहाने निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया। विशेषज्ञ डॉक्टर भूपेंद्र परमार ने एक महिला मरीज को आपरेशन करवाने के पहले जांच लिखी थी। आशा कार्यकर्ता अनिता चौहान के पति मनोहर चौहान महिला को सिविल अस्पताल से बाहर लैब पर ले गए और उसके बाद प्राइवेट अस्पताल में ऑपरेशन के लिए भर्ती करा दिया। जब यह जानकारी डॉक्टर भूपेंद्र परमार को पता चली तो उन्होंने आशा कार्यकर्ता अनिता चौहान के पति को बुलाया और फटकार लगाई। कुछ आशा कार्यकर्ताओं के साथ अब उनके पति, परिवार के सदस्य सिविल अस्पताल में उपचार कराने आने वाले मरीजों को डॉक्टर के देखने के बाद मरीज को जांच कराने, दवाई दिलाने बाजार में ले जाते हैं। एक महिला मरीज को डॉक्टर ने सिविल अस्पताल में आपरेशन करने के लिए जांच लिखी, जिसे आशा कार्यकर्ता के पति अस्पताल के बाहर जांच कराने और आपरेशन करवाने प्राइवेट हास्पिटल ले गया, जो आपरेशन निःशुल्क होना था, उसमें मरीज का पैसा लगवा दिया। कुछ डॉक्टरों, लेबोरेट्री, मेडिकल एवं प्राइवेट अस्पताल वालों से अच्छा खासा कमीशन लेने के चक्कर में शासकीय अस्पताल में आने वाले मरीजों को आर्थिक चपत आशा कार्यकर्ता, उनके परिवार वाले लगवा रहे हैं। इन्हें सिविल अस्पताल में आने से रोकना होगा। डॉक्टर भूपेंद्र परमार ने बताया कि सिविल अस्पताल में ओपीडी के दौरान एक महिला आई थी, उनको फोड़ा हो गया था, जिसका आपरेशन सिविल अस्पताल में में स्वयं करता, लेकिन आशा कार्यकर्ता अनिता चौहान के पति मनोहर चौहान महिला को सिविल अस्पताल से बाहर ले गए और एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती करा दिया। मैंने मनोहर चौहान को बुलाकर पूछा नाराजगी जताई। इस संबंध में बीएमओ डॉक्टर जीडी सोनी को भी अवगत कराया है। इसम मामले मेंबीएमओ डॉक्टर जीडी सोनी ने बताया है कि विभाग स्तर पर भी जानकारी भेज दी है,जो भी दोषी पाया जाएगा कार्रवाई की जाएगी। उच्च अधिकारियों से जांच के आदेश मिले हैं।

# सामाजिक कार्यकलापों से ही श्रेष्ठ पहचान मिलती है: परमार



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

धार्मिक क्षेत्र में उनकी उपस्थिति सभी को प्रेरित करती थी। धर्म को साध कर संघर्ष करते हुए सफल व्यवसायी और समाज में अपनी उदारचित्तता के चलते लोकप्रिय हुए स्व. मांगीलाल साहू गुरु भक्त भी थे। जूना पीठाधीश्वर अवधेशानंद महाराज के परम भक्त व प्रभु प्रेमी संघ के स्थानीय संरक्षक धर्म और कर्म के क्षेत्र में एक सफल उदाहरण थे। उनके प्रेरक जीवन की स्मृतियां नगरवासियों के मन पर सदैव अंकित रहेंगी। यह बातें श्रद्धांजलि सभा में प्रभु प्रेमी संघ द्वारा स्व. मांगीलाल साहू को श्रद्धांजलि व्यक्त करते हुए प्रभु प्रदेश संघ के सदस्यों ने कहीं। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कैलाश परमार ने साहू के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उन्हें एक परिपक्व व्यक्तित्व का धनी होना बताया। स्वामी अवधेशानंद गिरि महाराज के शोक संदेश का वाचन प्रभु प्रेमी संघ के वरिष्ठ सदस्य प्रहलाद सिंह वर्मा एडवोकेट ने किया।

# नप कर्मचारियों ने मुख्य बाजार में लगाया प्याऊ



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

नगर में भीषण पड़ रही गर्मी को देखते हुए नगर परिषद द्वारा मुख्य बाजार में प्याऊ की व्यवस्था की गई राहगीरों व बाजार आने वाले लोगों को पानी के लिए दिक्कत उठानी पड़ रही थी नगर परिषद अधिकारी राजेश सक्सेना ने बताया कि दोपहर में तेज गर्म हवा चलने से प्यास के मारे लोग इधर-उधर पानी की तलाश में भटकते रहते हैं सुबह घड़ों में पानी भरने के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगा दी गई है इस दौरान नगर परिषद सीएमओ राजेश सक्सेना, इंजी दीपक अटेरिया, मधुसूदन जोशी, प्रदीप वैद, अर्जुन चौहान, कमलेश ठाकुर,गुलाब गुर्जर, हेमंत परिहार, ऋषि वर्मा सहित कर्मचारी उपस्थित थे।

# जैन मंदिर में श्रीनमिनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक महोत्सव मनाया



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

जैन धर्म के इक्कीसवें तीर्थंकर देवाधिदेव 1008 नमिनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक महोत्सव नगर में जैन समाज द्वारा बड़े ही हर्ष और उत्साह पूर्वक मनाया गया। सभी मंदिरों में भगवान के अभिषेक, शांति धारा कर पूजा अर्चना भक्ति भाव से की गई। नगर के चंद्र प्रभु मंदिर गंज में भगवान नमिनाथजी के मोक्ष कल्याणक महोत्सव के अवसर पर अभिषेक, शांति धारा भक्ति- भाव के साथ की गई । वहीं भगवान की पूजा-अर्चना भी की गई। नगर के पार्श्व नाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर व चंद्र प्रभु मंदिर, नेमिनाथ दिगंबर मंदिर साईं कॉलोनी व शांति नगर में भी भगवान नमिनाथ जी की आराधना की गई।

### लोक अदालत: प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

न्यायालय परिसर में 11 मई को आयोजित नेशनल लोक अदालत के प्रचार प्रसार के लिए रथ को झंडी दिखाकर रवाना किया। लोक अदालत का ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभ मिले, इसलिए लोक अदालत का प्रचार प्रसार करने के लिए विद्युत मंडल के रथ को हरी झंडी दिखाकर द्वितीय जिला न्यायाधीश उमेश पटेल ने न्यायालय परिसर से रवाना किया। द्वितीय जिला न्यायाधीश उमेश पटेल ने बताया कि ऊर्जा विभाग द्वारा विद्युत अधिनियम से संबंधित न्यायालय में लंबित प्रीलिटिगेशन प्रकरणों में छूट के निर्देश दिए गए हैं। इस अवसर पर न्यायाधीश एमएनएच रजवी, न्यायाधीश रिचा शर्मा, मध्य प्रदेश विद्युत वितरण कंपनी के उपमहाप्रबंधक अजय कुमार वाधवानी, योगेश साहू व अधिवक्ता संघ अध्यक्ष कृपाल सिंह ठाकुर आदि उपस्थित थें।

### भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर होंगे कई आयोजन, तैयारी हुई शुरू

# 12 मई निकलेगा भव्य चल समारोह, दिए जा रहे निमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी सर्व ब्राह्मण समाज के तत्वाधान में समाज के आराध्य भगवान परशुराम के जन्मोत्सव को आस्था और उत्साह के साथ मनाए जाने के लिए ब्राह्मण समाज के द्वारा घर-घर जाकर ब्राह्मण परिवारों को आमंत्रण पत्र का वितरण किया जा रहा है। भीषण गर्मी के बावजूद भी ब्राह्मण समाज के पदाधिकारी और विप्रजन पूरे उत्साह के साथ शहर सहित आसपास के स्थानों पर पहुंचकर भव्य चल समारोह का प्रचार-प्रसार कर रहे है।

गत दिनों भी युवाओं, महिलाओं सहित अन्य समाजजनों की बैठक का आयोजन किया जा चुका है। ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष दीपक शर्मा, चल समारोह के अध्यक्ष आशुतोष शर्मा मौनी सहित बड़ी संख्या में विप्रजनों ने शहर के चाणक्यपुरी, शेरपुर के पास कालोनी, अवधपुरी, विश्वनाथपुरी सहित शहर के अन्य स्थानों पर घर-घर पहुंचकर ब्राह्मणजनों को आगामी 10 मई से होने वाले दो दिवसीय महोत्सव को लेकर निमंत्रण दिया। इस मौके पर विप्रजनों ने भगवान परशुराम के नारे भी लगाए। दो दिवसीय महोत्सव का शुभारंभ शुक्रवार से किया जाएगा। इस मौके पर सुबह दस बजे शहर के खजांची लाइन स्थित सर्व ब्राह्मण समाज की धर्मशाला में आस्था और उत्साह के साथ भगवान परशुराम की पूजा अर्चना की जाएगी और उसके पश्चात भव्य वाहन रैली निकाली जाएगी। इसके अलावा शाम को कलश एवं पूजन थाली सजावट प्रतियोगिता महिला मंडल के द्वारा की जाएगी। वहीं रविवार को भव्य चल समारोह निकाला जाएगा।इस संबंध में जानकारी देते हुए समाज के मीडिया प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि भगवान परशुराम के जन्मोत्सव को लेकर आगामी 10 मई शुक्रवार को सुबह दस बजे शहर के खजांची लाइन स्थित धर्मशाला में पूजन अर्चना की जाएगी और उसके पश्चात शाम पांच बजे महिला मंडल के द्वारा अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

12 मई को भगवान परशुराम की भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। 2800 से अधिक निमंत्रण पत्रों का वितरण किया जाना है। उन्होंने बताया कि चल समारोह के अध्यक्ष श्री शर्मा सहित बड़ी संख्या में विप्रजनों ने बुधवार तक करीब 22 सौ से अधिक निमंत्रण का वितरण समाजजनों को किया है।

# ट्रॉलियों में नहीं लगाए जाते रेडियम साइड में खड़े रहने से हादसे का डर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



इस समय कृषि उपज मंडी में सीजन की आवक चल रही है। जिसके चलते बड़ी संख्या में ट्रैक्टर ट्राली नगर में पहुंच रहे हैं। लंबे समय से कई वाहन व ट्रैक्टर ऐसे दौड़ रहे हैं, जिनकी ट्रालियों में रिफ्लेक्टर नहीं लगा है। इससे रात में पीछे चलने वाले लोगों के साथ हमेशा हादसे की संभावना बनी रहती है। जबकि रात के समय हाईवे मार्ग के किनारे पर खड़े या चलने के दौरान ट्रॉली नजर नहीं आती है। जिससे हादसे का भय रहता है। नगर व हाईवे मार्गों पर ट्रक व अन्य वाहन बिना ब्रेक लाइट जलाए ढाबों व मुख्य मार्ग पर खड़े कर दिए जाते हैं। इस कारण दो पहिया वाहन चालकों को इसकी जानकारी नहीं लग पाती है। जो हादसों का कारण बन जाते हैं। इसके बावजूद जिम्मेदार इस तरफ ध्यान नहीं दे रहे हैं। नगर के महेश मेवाड़ा का कहना है कि हाइवे पर चलने पर ट्रैक्टर के पीछे लगी ट्रॉली में ब्रेक लाईट या रेडियम नहीं होता है। इस कारण पीछे आने वाले वाहन चालक को दिखाई नहीं देता है। जिससे हादसे होते हैं। पूर्व में तात्कालीन डीटीओ अनुराग शुक्ला ने अभियान चलाकर ट्रॉलियों में रेडियम की पट्टी लगाई थीं, लेकिन यह आगे जारी नहीं रखा गया।